Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to implement Diamond Quadrilateral project of Indian Railways

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) ः मध्य प्रदेश जैसे राज्य के बुन्देलखण्ड, महाकौशल एवं विन्ध्य में रेल मार्गों की कमी है। अनेक सर्वे जैसे जबलपुर-पन्ना-दमोह, खजुराहो-भोपाल, श्रीधाम से रामटेक उपलब्ध है। लेकिन उन पर कार्य आगे नहीं बढ़ सका है। इस सर्वे में सबसे महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र की हीरक चतुर्भुज योजना का उत्तर-दक्षिण को जोड़ने वाला मार्ग भी बुंदेलखण्ड के ललितपुर (उ.प्र.) से रामटेक (महाराऐट्र) व्याहा सागर-नरसिंहपुर जिलों से होकर गुजर सकता है। एन.डी.ए. के घोऐणा-पत्र एवं सरकार के गठन के बाद रेल का हीरक चतुर्भुज बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया था। अतः रेल के हीरक चतुर्भुज में उत्तर से दक्षिण की दूरी कम करने वाली यह योजना अतिशीघ्र प्रारंभ हो, ऐसी मांग विनम्रतापूर्वक भारत सरकार से करता हूँ।